>

Title: Regarding introduction of training programmes in new trades in ITI, Jhansi, Uttar Pradesh-laid.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): हम सभी जानते हैं की आधुनिक भारत के निर्माण हेतु स्किल्ड वर्कर की आवश्यकता हैं । भारत में स्किल्ड वर्कर की तादाद में भरी गिरावट को देखते हुये भारत सरकार एंव प्रदेश सरकारों द्वारा विभिन स्थानों में आई. टी. आई. ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई है । जिसका उद्देश्य लोगो को तकनीकीकरण की ओर प्रोत्साहित कर उन्हें रोजगार लायक बनाना है । देश की अर्थव्यवस्था एंव लोगों के जीवन स्तर को समय के साथ बढ़ाने के लिए स्किल्ड स्तर को बढ़ाना परम आवश्यक है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद झाँसी में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना वर्ष 1960 के पूर्व हुई थी, इसका क्षेत्रफल वर्तमान में 15 एकड़ है । इस संस्थान में ट्रेडवार कुल स्वीकृत संख्या 953 के सापेक्ष 893 पंजीकृत छात्र/छात्रायें प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं ।

चूंकि बदलते समय में सिकल्ड की मांग लगातार बढ़ रही है इस हेतु शिक्षा एंव प्रशिक्षण प्रणाली के आधुनिकीकरण की भी आवश्यकता है । झाँसी - आई. टी. आई. ट्रेनिंग सेंटर में आधुनिक विकास के दृष्टिगत जिन ट्रेडो का अभी तक प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है । उनमें से प्रमुख निम्न ट्रेडो को सम्मिलित कर इनका प्रशिक्षण प्रारम्भ कराये जाने की आवश्यकता है ।

1. Advanced Electronics 2. Advanced Welding 3. Baker and Confectioner 4. Driver Cum Mechanic Light Motor Vehicle 5. Interior Decoration And Designing 6. Mechanic Computer Hardware 7. mechanic Refrigeration And Air Conditioner 8. Network Technician 9. Forger & Heat Treater 10. Pump Operator 11. Computer Operator & Programming Assistant (COPA).

उक्त कोर्सेज के खुलने से उन लोगो के लिये रोजगार का बेहतर विकल्प हो सकता है जो धन के अभाव अथवा पारिवारिक कमजोरियों के बजह से आगे अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकते ।

अत: विनम्र अनुरोध है की झाँसी आई. टी. आई. ट्रेनिंग सेंटर में उक्त ट्रेडो में कम से कम 40-40 सीटों के साथ, संचालन कराने की कृपा करें ।